## दिनांक–13 से 14 अक्टूबर 2017 को जनपद कानपुर नगर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की भ्रमण आख्या

**टीम सदस्य–** श्री सोमेश कुमार सिंह, सलाहकार, एन0यू0एच0एम0 उ0प्र0।
श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक एन0यू0एच0एम0 उ0प्र0।
श्री राकेश चन्द्र वर्मा, कार्यक्रम समन्वयक एन0यू0एच0एम0 उ0प्र0।




टीम द्वारा दिनांक 13 एवं 14 अक्टूबर 2017 को कानपुर देहात एवं कानपुर नगर का भ्रमण किया गया भ्रमण के समय मण्डलीय अरबन हेल्थ कन्सल्टेंट भी उपस्थित थे।


### कानपुर नगर



### नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुजैनी–


- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी भवन में संचालित है, भवन में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर पूर्णकालिक एवं पार्ट टाइम चिकित्सक तैनात है।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर औसतन ओ0पी0डी0 90 प्रतिदिन है।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर रखें आक्सीजन सिलेण्डर को खोलने हेतु Key उपलब्ध नहीं थी फार्मासिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि आक्सीजन सिलेण्डर एक वर्ष पूर्व उपलब्ध कराया गया था उसी समय से Key उपलब्ध नहीं है जिससे उसका उपयोग नहीं किया जा सकता।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर कलर कोडेड बिन उपलब्ध नहीं थे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एन0यू0एच0एम0 के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों के दिशा निर्देश उपलब्ध नहीं थे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये फार्मेट के अनुसार रजिस्टर उपलब्ध नहीं थे।
- फार्मासिस्ट के द्वारा रजिस्टर अपडेट नही किये जा रहे थे और राज्य स्तर से निर्देशों के उपरान्त भी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एव स्टाफ नर्स की ट्रेनिंग नही करायी गयी है और न ही कराये जाने के सम्बन्ध में कोई प्लान तैयार किया गया है।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बेडो पर धूल जमी थी और चद्दर भी नही बिछी थी।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर दवायें रैक पर खुली एवं बिखरी पड़ी थी।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टूटे हुये वैक्सीन वाक्स काफी संख्या मात्रा में रखे हुये थे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कन्डम सामान अव्यस्थित पड़ा था।
- उपयोग में लाये जा चुके वैक्सीन, वैक्सीन के रैपर, सिरिंज काफी मात्रा में रखे हुये थे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लगा हुआ आर0ओ0 विगत दो माह से खराब है।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के टायलेट में मलेरिया छिडकाव में प्रयोग में लाने जाने वाले सामान रखे हुये थे।
- लैब में प्रयोग में लाने जाने वाले हब कटर में बिना काटे सिंरिज पड़ी हुई थी।
- लैब टेक्नीशियन के द्वारा माइक्रोस्कोप का उपयोग नही किया जा रहा था और माइक्रोस्कोप आलमारी में रखा हुआ था।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ए.एन.सी. हेतु हाइट स्केल उपलब्ध नही थी।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आफिस एक्सपेंस हेतु प्राप्त होने वाली धनराशि रु0 7000/– के सम्बन्ध में चिकित्सक को कोई जानकारी नही थी।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर Fire Extingusher उपलब्ध नही था।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिकायत पेटिका नही थी।



















## नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – विजय नगर, धोबी घाट

- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवन में संचालित किया जा रहा है, भवन में पर्याप्त स्थान उपलब्ध नही है।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर संविदा पर महिला चिकित्साधिकारी तैनात है।
- ओ0पी0डी0 रजिस्टर चिकित्साधिकारी एवं फार्मासिस्ट दोनों द्वारा भरा जा रहा था।
- भ्रमण के दौरान प्रातः 10.30 तक स्टाफ नर्स हेमलता नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित नही थी।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर रखें आक्सीजन सिलेण्डर को खोलने हेतु Key उपलब्ध नहीं थी फार्मासिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि आक्सीजन सिलेण्डर एक वर्ष पूर्व उपलब्ध कराया गया था उसी समय से Key उपलब्ध नहीं है जिससे उसका उपयोग नहीं किया जा सकता।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर कलर कोडेड बिन उपलब्ध नहीं थे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एन0यू0एच0एम0 के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों के दिशा निर्देश उपलब्ध नहीं थे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये फार्मेट के अनुसार रजिस्टर उपलब्ध नहीं थे।
- चिकित्सक के पास वजन मशीन, बी.पी. इस्टूमेंट, हाइट स्केल अनु उपलब्ध/खराब थे।
- लैब टेक्नीशियन के द्वारा माइक्रोस्कोप का प्रयोग नही किया जा रहा था एवं उसके पास Reagent की उपलब्धता नही थी।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाथरुम में मलेरिया के छिडकाव में उपयोग में लाये जाने वाले सामान को रखा गया था।
- वासवेंसिन मे पानी की सप्लाई नही थी।
- टेलिफोन के बिल जमा न होने के कारण टेलिफोन विगत दो माह से काम नही कर रहा था।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आउटरीच कैम्प से सम्बन्धित रिकार्ड Proper नही थे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर Fire Extingusher उपलब्ध नही था।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिकायत पेटिका नही थी।



अन्य बिन्दु–

- कानपुर नगर में कुल प्रशिक्षण प्राप्त आशाओं की संख्या 233 है। जिसके सापेक्ष कानपुर नगर में अरबन आशाओं के प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान की सख्या अत्यंत कम है अरबन हेल्थ कोआर्डिटर द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार अरबन आशा के प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान की स्थिति निम्नवत है–

| क्रमांक | माह | भुगतान प्राप्त आशाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अप्रैल 2017 | 188 |
| 2 | मई 2017 | 133 |
| 3 | जून 2017 | 133 |
| 4 | जुलाई 2017 | 90 |
| 5 | अगस्त 2017 | 77 |

- 233 महिला आरोग्य समिति का गठन किया जा चुका है जिसके सापेक्ष मात्र 45 का खाता खुला है।
- कानपुर नगर में एन0एन0एम0 के मोबिलिटी सपोर्ट एवं यू0एच0एण्ड0डी0 के आयोजन हेतु उपलब्ध धनराशि का reimbrushment नहीं किया गया है
- अरबन आशा के ड्रेस हेतु धनराशि का reimbrushment आशाओं को नहीं किया गया है।
- जनपद स्तर पर तैनात अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर एवं डाटा असिस्टेंट द्वारा नियमित रूप भ्रमण नहीं किया जा रहा है तथा उनके द्वारा किये गये भ्रमण का कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है।
- राज्य स्तर से दिये गये निर्देश के बावजूद नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर राज्य स्तर से प्रेषित दिशा निर्देश की प्रति उपलब्ध नहीं करायी गयी हैं।
- कानपुर नगर में तैनात अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर का कार्य/क्षेत्र का विभाजन नहीं किया गया है।
- अरबन हेल्थ कोऑर्डिनेटर के द्वारा मांगे जाने पर वर्कप्लान, यू.एच.एन.डी. प्लान, नियमित टीकाकरण प्लान नही दिखाया गया, जोकि इनकी कार्य की उदासीनता प्रदर्शित करता है।
- शहरी क्षेत्रों में तैनात ए.एन.एम. के कार्यो के क्षेत्रों का बटवारा नही किया गया है।

**नोट– टीम द्वारा नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 के साथ बैठक कर उन्हें उपरोक्त तथ्यों से अवगत कराया गया तथा उनसे अनुरोध किया गया कि अपने स्तर से उपरोक्त बिन्दुओं पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।**